आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 05.05.2025 समय : 18.30 पीएम

- एसीबी ने बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल द्वारा कथित रूप से ली गई 20 लाख रुपए की राशि बरामद की–विधायक पटेल दो दिन की रिमांड परं
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तीन दिन के गुजरात दौरे पर–प्रवासी राजस्थानी सम्मान समारोह में शिरकत कीं
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोधपुर में कहा–देशभर में रेलवे स्टेशनों का विकास और यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा हैं
- राज्य में आज भी कई स्थानों पर आंधी और बारिश–अगले चार–पांच दिनों तक पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव जारी रहने के आसारं

000

बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल द्वारा कथित रूप से ली गई रिश्वत की 20 लाख रुपए की राशि आज भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बरामद कर लीं हालांकि एसीबी ने बरामदगी के स्थान का खुलासा नहीं किया हैं गौरतलब है कि भारत आदिवासी पार्टी के विधायक की ट्रैप कार्रवाई के समय रिश्वत की राशि को एक व्यक्ति लेकर भाग गया थां इस बीच, विधायक पटेल को आज अदालत में पेश किया गयां न्यायालय ने विधायक और उनके चचेरे भाई को दो दिन की रिमांड पर भेज दिया हैं कोर्ट से बाहर आने के बाद विधायक पटेल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे निर्दोष हैं और उन्हें फंसाया जा रहा हैं एसीबी के महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने विधायक आवास के सीसीटीवी फुटेज सीज कर लिये हैं

.............

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज तीन दिन के दौरे पर गुजरात पहुंचें श्री शर्मा केवड़िया में भाजपा सांसदों और विधायकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में भागीदारी करेंगें भाजपा की ओर से संगठनात्मक मजबूती और चुनावी कार्यशैली पर मंथन के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं इस दौरान नये सांसदों और विधायकों को संसदीय कार्यप्रणाल की ट्रेनिंग भी दी जाएगीं मुख्यमंत्री ने वड़ोदरा में प्रवासी राजस्थान सम्मान समारोह में शिरकत कीं इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री शर्मा ने राजस्थान और गुजरात के संबंधों की मजबूती के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दीं

.............

मुख्यमंत्री ने इससे पहले आज जयपुर में अपने आवास पर जनसुनवाई भी कीं

000

सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर अब 15 मई को सुनवाई होगीं आज मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई में तीन जजों की पीठ ने सुनवाई कीं इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले पर अंतरिम आदेश पारित करने से पहले लम्बी सुनवाई की जरूरत हैं उन्होंने कहा कि वे अगले मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी.आर. गवई की पीठ के सामने इस मामले को पोस्ट करेंगे और उन्हें मुद्दों के अध्ययन के लिए समय देंगें सीजेआई खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं वहीं न्यायमूर्ति गवई इस महीने की 14 तारीख को अगले मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार ग्रहण करेंगें

इस बीच, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस पर वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर राजनीति करने का आरोप लगायां आज नई दिल्ली में अल्पसंख्यक बुद्धिजीवियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि विधेयक पर कांग्रेस की कोई ठोस राय नहीं थीं वहीं केन्द्र सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध हैं

.............

000

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड कल से प्रदेश के कई शहरों में आवास मेलों का आयोजन करने जा रहा हैं 28 मई तक चलने वाले ये मेले जयपुर, जोधपुर, कोटा, बाड़मेर, भीलवाड़ा और बांसवाड़ा शहरों में होंगें इस

दौरान इच्छुक लोग बोर्ड की ओर से तैयार मकानों और फ्लैट्स को 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ खरीद सकते हैं जयपुर में यह शिविर जोबनेर रोड स्थित महला आवासीय योजना में शुरू किया जाएगां
हाउसिंग बोर्ड के अनुसार जयपुर में फ्लैट्स की शुरुआती कीमत 4 लाख 70 हजार 500 रुपये तय की गई हैं आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है और इच्छुक लोग बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं संपत्तियों का आवंटन ई–नीलामी के ज़रिए किया जाएगां

000

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव आज जोधपुर आएं इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायज़ा लियां उन्होंने स्टेशन की डिजाइन, पार्किंग और यात्री सुविधाओं सहित विभिन्न जानकारियां लीं श्री वैष्णव ने यात्रियों से बातचीत कर विभिन्न सुविधाओं के बारे में फीडबैक लियां बाद में पत्रकारों से बातचीत में रेलमंत्री ने कहा कि देशभर में रेलवे स्टेशनों का विकास किया जा रहा हैं उन्होंने कहा कि स्टेशनों पर ढांचागत विकास और सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा हैं

.............

000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने आज राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात कीं ये भेंट नई दिल्ली स्थित जोधपुर हाउस में हुईं इस दौरान दोनों ने राज्य के विकास और विभिन्न विषयों पर चर्चा कीं

000

राज्य में ईसरदा बांध का निर्माण कार्य मिशन मोड पर पूरा किया जा रहा हैं सवाईमाधोपुर और दौसा जिले में पानी की आपूर्ति की दृष्टि से ये बांध काफी महत्वपूर्ण हैं और ब्यौरा दे रहे हैं समाचार कक्ष से हमारे सहयोगी सुदर्शन नाहर–

.............

000

राजस्थान की मशहूर फली सांगरी को जीआई टैग मिला हैं इस उपलब्धि से सांगरी का संरक्षण होगां साथ ही इसे वैश्विक स्तर पर भी नई पहचान मिलेगीं एक रिपोर्ट –

.............

000

राज्य में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से आंधी बारिश की गतिविधियां अगले चार–पांच दिन तक जारी रहने की संभावना हैं इस दौरान बाड़मेर, जालौर और आस–पास के क्षेत्र में कहीं–कहीं भारी बारिश भी हो सकती हैं इसके साथ ही कुछ भागों में तेज हवाएं चलने और गरज के साथ बरसात के आसार हैं चित्तौडगढ, भरतपुर, चूरू, पाली, झालावाड सहित कई जगह बरसात के समाचार हैं बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली हैं हालांकि आंधी और तेज हवाओं से कई स्थानों पर नुकसान पहुंचा हैं बाडमेर में आज लगातार दूसरे दिन धूलभरी आंधी चलीं इसके बाद मूसलाधार बारिश हुई जिले के गडरा रोड, चौहटन, रामसर और शिव इलाके में पेड़ धराशायी हो गएं कोटा से हमारे संवाददाता ने बताया कि अंधड़ और तेज हवाओं से बिजली के खम्भे और पेड़ गिर गये, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हुईं

.............

भरतपुर में बरसात के बाद कई जगह पानी भर गया और आवागमन प्रभावित हुआं पाली में तेज बारिश से पर्यटक स्थल परशुराम महादेव में झरने भी चलने लगें

000

सीकर में आज एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गयें राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर फतेहपुर में एक जीप के बेकाबू होकर पलटने से ये हादसा हुआं हादसे के शिकार लोग नोहर के बताए जा रहे हैं वे जीणमाता के दर्शन कर वापस लौट रहे थें

000

प्रतापगढ़ में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 785 किलो अफीम डोडा चूरा जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर ये कार्यवाही छोटी सादड़ी में की गई बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब सवा करोड़ रुपये आंकी गई हैं पुलिस ने बताया कि आरोपी का संबंध कुख्यात तस्कर कमल राणा गैंग से है और ये लम्बे समय से दूसरे राज्यों से मादक पदार्थ लाकर राज्य के विभिन्न जिलों में सप्लाई कर रहा थां

उधर, पाली में पुलिस ने एक कार से सवा तीन सौ किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद कियां पुलिस ने ये कार्रवाई मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन भौकाल के तहत की ·

000

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने नीमराणा होटल फायरिंग मामले की जांच के लिए आज राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में 10 स्थानों पर छापेमारी कीं ये कार्रवाई कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकी अर्श डाला से जुड़े 2024 के फायरिंग मामले की गईं जांच में एनआईए को पता चला है कि डाला के सहयोगी प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठनों के लिए धन उगाने के लिए आतंक और हिंसा करते हैं तलाशी के दौरान, आरोपियों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गईं

000